**बिहार सरकार**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग**

पत्र सं0– वि॰प्रा॰ (III) य[1] – 9/ 2012– /पटना, दिनांक

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0),बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग,पटना

विषय– विभागान्तर्गत नवस्थापित वी॰पी॰ मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा में वर्ष 2016–17 से सत्रारंभ करने के लिए संस्थान के प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, वर्गकक्ष, पुस्तकालय, कर्मशाला एवं प्रयोगशाला में आवश्यकता आधारित मशीनें/उपकरण एवं उपस्कर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु रू॰ 1,27,00,000=00 मात्र तथा पुस्तक/सॉफ्टवेयर/कार्यालय सामग्री के क्रय हेतु रू॰ 8,00,000=00 मात्र अर्थात कुल रू॰ 1,35,00,000=00 (एक करोड़ पैंतीस लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 में उक्त राशि लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा को विमुक्त करने के संबंध में।

**आदेश– स्वीकृत।**

राज्य सरकार ने विभागान्तर्गत नवस्थापित वी॰पी॰ मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा में वर्ष 2016–17 से सत्रारंभ करने के लिए संलग्न विवरणी के अनुसार संस्थान के प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, वर्गकक्ष, पुस्तकालय, कर्मशाला एवं प्रयोगशाला में आवश्यकता आधारित मशीनें/उपकरण एवं उपस्कर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु रू॰ 1,27,00,000=00 मात्र तथा पुस्तक/सॉफ्टवेयर/कार्यालय सामग्री के क्रय हेतु रू॰ 8,00,000=00 मात्र अर्थात कुल रू॰ 1,35,00,000=00 (एक करोड़ पैंतीस लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 में उक्त राशि लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है।

**2.** उक्त स्वीकृत राशि, वित्तीय वर्ष 2015–16 में आयोजना बजट के निम्नवत बजटशीर्षों में तृतीय अनुपूरक के माध्यम से उपबंधित राशि से विकलित होगा–

(i) "मुख्य शीर्ष–4202 –शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष –02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–105 –इंजीनियरिंग/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0102–पोलिटेकनिक/इंजीनियरिंग/तकनीकी महाविद्यालय" (विपत्र कोड–पी 4202021050102) के अधीन 52 01 मशीनें एवं उपस्कर विषयशीर्षो में उपबंधित राशि से रू॰ 1,27,00,000=00 (एक करोड़ सताईस लाख रूपये) मात्र,

(ii) "मुख्यशीर्ष–2203– तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष– 00, लघु शीर्ष– 112–इंजीनियरी / तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, मांग संख्या–43, उपशीर्ष– 0101– स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम" (विपत्र कोड–P 2203001120101) के अधीन 13 01 कार्यालय व्यय विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से रू॰ 8,00,000=00 (आठ लाख रूपये) मात्र।

**3.** इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्राचार्य, लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा होंगे।

**4.** इस राशि की निकासी राजकीय कोषागार, छपरा से की जायेगी।

**5.** कार्यालय व्यय में स्वीकृत राशि से प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए आवश्यक पुस्तकों/सॉफ्टवेयर तथा अन्य कार्यालय में उपयोग हेतु सामग्री का क्रय किया जायेगा।

**6.** उक्त स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय, प्राचार्य, वी॰पी॰ मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा की सहमति से किया जायेगा।

**7.** उक्त राशि से सामग्रियों के क्रय हेतु बिहार (वित्त) संशोधित नियमावली–2005 का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा तथा सभी प्रक्रियाओं का विधिवत पालन कर क्रय किया जायेगा।

**8.** उक्त स्वीकृत राशि से नियमानुसार क्रय की जाने वाली मशीनें, उपकरण एवं उपस्कर की गुणवत्ता के लिए संस्थान के प्राचार्य सीधे जिम्मेवार होगें तथा क्रय की गई मशीनें, उपकरण एवं उपस्कर की सूची सहित उसके अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन वर्त्तमान वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक एवं आवश्यकता से अधिक सामग्री की खरीदारी नहीं की जाएगी।

**9.** उक्त स्वीकृत राशि की निकासी, वित्तीय वर्ष 2015–16 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

**10.** यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 96 वि(2), दिनांक 03.01.2008 के आलोक में सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है।

**11.** वित्त विभाग के पत्रांक– 7355 वि(2), दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/ –
(ओम प्रकाश राय)
सरकार के अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
बिहार, पटना

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (III) य[1] – 9/ 2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (III) य[1] – 9/ 2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, मधेपुरा एवं छपरा/कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (III) य[1] – 9/ 2012– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– श्री एम० के० झा, सह–प्राध्यापक (विद्युत), बी०सी०ई० भागलपुर सह प्राचार्य, बी०पी० मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा/प्राचार्य, लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (III) य[1] – 9/ 2012– 725 /पटना, दिनांक– 8/3/016

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/उप निदेशक (यो)/ बजट सहायक/ आई०टी० मैनेजर (E-mail एवं विभागीय बेवसाइट पर अपलोड हेतु), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/3/16
सरकार के अपर सचिव

8/3/16

## विवरणी

विभागान्तर्गत नवस्वीकृत वी॰ पी॰ मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा में वर्ष 2016–17 से सत्रारंभ करने के लिए आवश्यकता आधारित मशीनें/ उपकरण/उपस्कर के क्रय हेतु स्वीकृत राशि की विवरणी

| SN | ITEM | AMOUNT |
|---|---|---|
| 1 | Furniture Classroom | 8,00,000.00 |
| 2 | Drawing Hall Furniture (120 Capacity) | 8,00,000.00 |
| 3 | Office and Library Furniture | 5,00,000.00 |
| 4 | Physics Lab | 10,00,000.00 |
| 5 | Chemistry Lab | 10,00,000.00 |
| 6 | Mechanics Lab | 4,00,000.00 |
| 7 | Element of Mechanical Engineering | 3,00,000.00 |
| 8 | Survey | 10,00,000.00 |
| 9 | Workshop | 30,00,000.00 |
| 10 | Computer (60 system i5) | 30,00,000.00 |
| 11 | 25 KVA silent DG | 5,00,000.00 |
| 12 | Miscllaneus item e.g R.O. Water purifier/ Photocopy machine/Notice Board/ Blackboard/ Fax etc. | 4,00,000.00 |
| | **Total** | **1,27,00,000.00** |

(एक करोड़ सताईस लाख रूपये मात्र)

अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
बिहार, पटना

8/3/16